CBSE Class 8 Maths Important Questions Chapter 13 आलेखों से परिचय

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
आलेखों द्वारा संख्यात्मक तथ्य प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य क्या है?
उत्तर:
आलेखों द्वारा संख्यात्मक तथ्य प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य संख्यात्मक तथ्यों को चित्रों द्वारा दिखाना है जिससे वे शीघ्र, आसानी व स्पष्टता से समझे जा सकें।

प्रश्न 2.
वृत्त आलेख का प्रयोग कब किया जाता है?
उत्तर:
जब किसी एक सम्पूर्ण के विभिन्न भागों की तुलना करनी हो तो वृत्त आलेख का प्रयोग किया जाता है।

प्रश्न 3.
नीचे किसी उच्च माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में चयन का आलेख दिया गया है। ज्ञात कीजिए किन वर्षों में चयन समान था?
उत्तर:
वर्ष 1997 व 1999 में चयन समान था।

प्रश्न 4.
कार्तीय विधि से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, दो रेखाओं से दिए गए बिन्दु की दो दूरियाँ माप कर, स्थिति प्रकट करने की विधि, कार्तीय विधि कहलाती है।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/